पंजाब केसरी ०७/०९/२०२४

# सोच समझकर किया गया वोट राष्ट्र को उन्नति के पथ पर अग्रसर करता है : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 7 सितम्बर (बलराम): जी.एम.एन. कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि सोच समझकर किया गया वोट राष्ट्र को उन्नति के पथ पर अग्रसर करता है। इसलिए अपने वर्तमान को बेहतर बनाने और भावी पीढ़ी के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए न केवल वोट डालना, बल्कि सोच समझकर बिना किसी के बहकावे में आकर वोट करना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है।

डा. रोहित दत्त शनिवार को अपने कालेज के अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, गणित, संकाय तथा लोक प्रशासन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आम चुनाव-2024 विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को हरियाणा में अक्तूबर माह में होने वाले विधानसभा चुनावों के बारे में सूक्ष्म रूप से अवगत करवाना था।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. सीमा कंसल ने विद्यार्थियों को आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डा. कृष्ण कुमार पूनिया ने विद्यार्थियों को वोट बनवाने तथा वोट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा. अनुपमा सिहाग ने मंच का सफल संचालन करते हुए विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। गणित विभागाध्यक्ष डा. पिंकी एवं लोक प्रशासन के विभागाध्यक्ष डा. कृष्ण कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रगति सेजवाल, द्वितीय पुरस्कार उद्धव प्रताप सिंह तथा तृतीय पुरस्कार जय सिंह चौहान ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

जी.एम.एन. कालेज के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते आयोजक। (देवदत्त)